# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–26 अक्टूबर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- वाराणसी जिला न्यायालय ने ज्ञानवापी परिसर में पूजा पाठ का अधिकार देने समेत पूरे परिसर के सर्वे अपील को किया खारिज, फैसले के खिलाफ हाईकोर्ट जाएगा वादी पक्ष
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महराजगंज जिले को नौ सौ चालीस करोड़ रुपये की पांच सौ पांच विकास परियोजनाओं की दी सौगात, कहा–प्रधानमंत्री की सोच के कारण आज देश विकास के पथ पर है अग्रसर
- मेरठ और सहारनपुर जिले में कल अलग अलग मालगाड़ियों के डिब्बे पटरी से उतरे, मौके पर पहुंचे रेल अधिकारी, घटना की जांच शुरू
- केंद्र सरकार ने पशु स्वास्थ्य सुरक्षा सुदृढ़ीकरण के लिए शुरू की महामारी निधि परियोजना
- रामगढ़ताल में चल रही पच्चीसवीं सब जूनियर रोइंग नेशनल चौम्पियशीप के फाइनल मुकाबले आज

**********

वाराणसी जिला न्यायालय ने ज्ञानवापी परिसर में हिंदुओं को पूजा–पाठ करने का अधिकार देने सहित पूरे परिसर के सर्वे की अपील को खारिज कर दिया है । वादमित्र विजय शंकर रस्तोगी के प्रार्थना पत्र पर सिविल जज (सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक) युगुल शंभू की अदालत ने कल यह आदेश सुनाया।

वादमित्र ने ज्ञानवापी में एएसआइ से अतिरिक्त सर्वे कराने की अपील करते हुए सिविल जज (सीनियर डिवीजन फास्टट्रैक) की अदालत में सात फरवरी दो हजार चौबीस को प्रार्थना पत्र दिया था। इस प्रार्थना पत्र पर वादमित्र और प्रतिवादी अंजुमन इंतेजामिया मसाजिद व उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने आदेश के लिए तिथि तय की थी।

इस फैसले पर वादी पक्ष ने हाईकोर्ट जाने का फैसला लिया है। इसकी पुष्टि मामले के अधिवक्ता मनमोहन यादव ने की।

***ज्ञानवापी का प्रकरण में एसआई सर्वे की मांग की गई थी, जो कि सिविल जज सीनियर डिवीजन के द्वारा खारिज कर दी गई है और इस विषय पर हमारा विकल्प ये है कि हम है कोर्ट में अपील करेंगे। क्योंकि हमारी मांग है कि एसआई सर्वे की मांग माननीय न्यायालय के पटल पर आए।***

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल महराजगंज में नौ सौ चालीस करोड़ रुपये की पांच सौ पांच विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके साथ ही उन्होंने कई विभागों की योजनाओं के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक चेक, चाबी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में श्री योगी ने स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत छात्रों को टैबलेट औऱ विभिन्न विभागों में नियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र भी बांटे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की विकासपरक सोच के कारण आज देश विकास के पथ पर अग्रसर है। केंद्र एवं राज्य सरकार मिलकर प्रदेश में विकास कार्यों को आगे बढ़ा रहे है ।

***यह आत्मनिर्भर और विकसित भारत बनाने के लिये हम सब के स्तर पर क्या प्रयास होना चाहिए? यह आज के अवसर पर आत्मावलोकन की आवश्यकता है। यह आप के लिये सरकार अपना कार्य कर रही है। केंद्र सरकार, राज्य सरकार। सरकार मिल करके अपने–अपने कार्य को आगे बढ़ा रही है, लेकिन इसमें केवल सरकार की ही जिम्मेदारी है। हमारे स्थानीय निकायों की समितियों का, ग्राम पंचायतों की और आम नागरिक।***

केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने इस मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश में आए बदलाव के कारण पूरे देश में उत्तर प्रदेश की सशक्त पहचान बनी है।

मुख्यमंत्री ने महराजगंज के चौक बाजार में योगी गंभीरनाथ की प्रतिमा का अनावरण किया। साथ ही उन्होंने चौक बाजार नगर पंचायत कार्यालय और पीपीपी मॉडल पर महराजगंज जिले में बने केएमसी मेडिकल कॉलेज का उद्घाटन किया । उन्होंने नौ करोड़ पचपन लाख रूपये की लागत से निर्मित महंत दिग्विजयनाथ बहुउद्देश्यीय इंडोर स्टेडियम का भी लोकार्पण किया। इसके बाद गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने आयुष विश्वविद्यालय के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया । उन्होंने अधिकारियों को तीस नवम्बर तक विश्विद्यालय के सभी कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। मुख्यमंत्री आज गोरखपुर जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा ले रहे हैं।

**********

उत्तर प्रदेश के नौ विधानसभा क्षेत्रों में उपचुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया कल समाप्त हो गई। नामांकन पत्रों की जांच सोमवार को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। इन सभी सीटों पर मतदान 13 नवम्बर को होगा।

**********

कल सुबह मेरठ सिटी स्टेशन पर एक मालगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। रेलवे अधिकारियों ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है। वहीं सहारनपुर में पंजाब से बामनहेड़ी जा रही एक अन्य मालगाड़ी के दो डिब्बे भी कल पटरी से उतर गए। यह हादसा सहारनपुर रेलवे स्टेशन के पास हुआ। घटना की सूचना मिलते है अम्बाला से डीआरएम समेत आला अधिकारी सहारनपुर पहुंचे। घटना के कारण कई ट्रेनों को रूट बदलकर रवाना किया गया।

**********

केंद्र सरकार ने इक्कीसवीं पशुधन गणना के साथ पशुओं में महामारी से निपटने की तैयारियों तथा देश में पशु स्वास्थ्य सुरक्षा सुदृढीकरण पर कल महामारी निधि परियोजना की शुरूआत की। मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि जी–ट्वेंटी महामारी कोष परियोजना से प्राप्त धनराशि पशु चिकित्सालयों के विकास और सुधार में सहायता करेगी।

***25 मिलियन डॉलर का पेंडमिक फंड जी–20 के माध्यम से मिला है। हम एफएमडी मुक्त करने के लिए ब्रूसेलोसिस मुक्त करने के लिए वैक्सिनेशन जो चला रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि 2025 तक हम इस दोनों रोग पर नियंत्रण कर लें और 2030 तक देश को रोग मुक्त पशुधन का बनायें।***

**********

प्रदेश में निवेश लाने वाले और क्रेडिट डिपाजिट रेशियो बढ़ाने वाले कमिश्नर और डीएम के प्रयासों को उनके वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट–एसीआर में दर्ज करने का फैसला लिया गया है। प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कल संवाददाताओं से बातचीत करते हुए इस फैसले की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कमिश्नर और डीएम को अपने क्षेत्र में निवेश लाने के प्रयासों की रिपोर्ट बनानी होगी। साथ ही इन अधिकारियों को हर साल अप्रैल में अपने जिले का सीडी रेशियो बताया जाएगा ताकि वह निवेश बढ़ाने के प्रयासों को और भी बेहतर बना सकें।

***पिछले लगभग साढ़े 7 साल में सरकार ने साढ़े 7,00,000 लोगों को सरकारी नौकरी दी है, लेकिन पूरे देश में जो वर्किंग एज पापुलेशन होती है उसकी मात्र 3ः लोग सरकारी नौकरी में है जो ग्लोबल यूनिवर्सिटी समिट सरकार ने आयोजित किया था। उसमें लगभग 40,00,000 करोड़ के निवेश आए हैं और उसमें डेढ़ करोड़ लोगों की नौकरी संभावित है और निहित है। इन निवेशकों को पूरी रफ्तार के साथ ग्राउंड में उतारा जाए।***

मुख्य सचिव ने बताया कि इस प्रक्रिया को लागू करने वाला उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य होगा।

**********

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की दो दिवसीय बैठक कल मथुरा के गऊ ग्राम, परखम में शुरु हुई। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत और सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले भी इसमें हिस्सा ले रहे हैं। सर संघचालक मोहन भागवत के नेतृत्व में बैठक के पहले दिन आगामी कार्य योजनाओं पर मंथन हुआ, जिसके बाद नौ बिंदुओं का एजेंडा तय किया गया। इसे लागू करने की ज़िम्मेदारी नौ पदाधिकारियों को सौंपी गई है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र कुमार ने बताया कि संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में वर्ष 2025 की विजयादशमी को संघ विशेष रूप से मनाएगा।

**********

रामगढ़ताल में चल रही पच्चीसवीं सब जूनियर रोइंग नेशनल चौम्पियनशिप दो हजार चौबीस का फाइनल मुकाबला आज होगा। कल अट्ठाइस टीमों के बीच हुए क्वार्टर फाइनल मुकाबले के बाद चौदह टीमों के बीच देर शाम तक सेमी फाइनल की प्रतिस्पर्धा चली। बालक वर्ग में केरल ए और असम ए, जबकि बालिका वर्ग में तमिलनाडु और केरल बी की टीम फाइनल में पहुंच गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज प्रतिस्पर्धा के खिलाड़ियों को पुरस्कृत करेंगे।

**********

वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर के निकट स्थित प्रसिद्ध अन्नपूर्णा मंदिर में इस बार भी श्रद्धालु पांच दिनों तक दर्शन कर सकेंगे। साथ ही मंदिर में धनतेरस के दिन स्वर्णमयी अन्नपूर्णा के विग्रह दर्शन के साथ साथ भक्तों को खजाने के रूप में सिक्कों का वितरण भी किया जाएगा।

**********